सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश

# ऑनर किलिंग के डर से भागते फिर रहा प्रेमी जोड़ा, हाईकोर्ट ने दी सुरक्षा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** ऑनर किलिंग के डर से भागते फिर रहे अनुसूचित जनजाति (एसटी) के बालिग जोड़े को हाईकोर्ट ने सुरक्षा प्रदान की है। एकलपीठ ने उनके द्वारा दायर याचिका का निराकरण करते हुए पुलिस अधिकारियों को उनकी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अभिभाषक निमेष पाठक के मुताबिक, अलीराजपुर निवासी जोड़े ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि दोनों बालिग हैं और कानूनन विवाह योग्य आयु पूरी कर चुके हैं। मंदिर में विवाह कर लिया है। बावजूद उन्हें जान से मारने की कोशिश कर सकते हैं। वे अपनी सुरक्षा के लिए अलीराजपुर एसपी, पुलिस महानिरीक्षक (ग्रामीण), निमाड़ रेंज इंदौर को आवेदन भी दे चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले की सुनवाई के दौरान उनकी ओर से ऑनर किलिंग की आशंका व्यक्त की गई, जिसके चलते उन्होंने शिकायत को गंभीरता से लिए जाने की मांग रखी।

## जोड़े को सुरक्षित आश्रय मुहैया कराएं

जस्टिस विजय कुमार शुक्ला की कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक (ग्रामीण) को दोनों के बयान दर्ज कर उनके दस्तावेजों का सत्यापन आदेश मिलने के तीन दिनों में याचिका का निराकरण करने के निर्देश दिए। यह भी स्पष्ट किया कि किसी कारण याचिकाकर्ता आइजी कार्यालय नहीं पहुंच पाते अथवा कोई आपात स्थिति उत्पन्न होती है तो वे निकटतम थाने में बयान दर्ज करा सकेंगे। पुलिस को लगता है कि उनके जीवन और खतरा है तो वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार जोड़े को सुरक्षित आश्रय मुहैया कराएं।

कटनी : शाहडार के जंगल में सड़क पार करते दिखा बाघ, राहगीरों ने लिए फोटो-वीडियो

# सड़क पार कर रहे वनराज ने थामी वाहनों की रफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**डीमरखेड़ा(कटनी).** जिले के डीमरखेड़ा क्षेत्र स्थित शाहडार का घना जंगल अपनी प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध वन्यजीव संपदा के लिए प्रसिद्ध है। अब बाघ की लगातार मौजूदगी के कारण लोगों के आकर्षण का केंद्र बन हुआ। शनिवार शाम सड़क पार कर रहे बाघ को देख राहगीरों के वाहन थम गए। कुछ लोगों ने यह रोमांचक नजारा अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। जिसके फोटो-वीडियो अब सोशलमीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वनराज की दस्तक से वन्यजीव प्रेमियों में उत्साह है।

### ग्रामीणों में दहशत

टेसू रिसोर्ट के आसपास क्षेत्र में पिछले तीन-चार महीनों से लगातार बाघ मूवमेंट है। कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर बाघ के फोटो और वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में इसकी मौजूदगी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई थीं। शनिवार शाम एक बार फिर बाघ के सड़क पार करने का वीडियो और तस्वीरें राहगीरों ने अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग बाघ के दीदार के लिए शाहडार पहुंचने लगे। दूसरी ओर आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

### बाघ-तेंदुए की एक झलक पाने जुटी भीड़

रविवार शाम तक टेसू रिसोर्ट क्षेत्र में लगभग 5 दर्जन से अधिक चार पहिया वाहन पहुंचे। बाघ और तेंदुए की एक झलक पाने लोगों की भीड़ सड़क किनारे जुटी रही। जंगल में बाघ और तेंदुए के अलावा भालू, हिरण, नीलगाय, मोर तथा दुर्लभ पैंगोलिन जैसे वन्यजीव भी पाए जाते हैं, जिससे यह क्षेत्र वन्यजीव प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

कमला नेहरू स्कूल परीक्षा केंद्र में घटना

# डीएलएड परीक्षा के दौरान शॉर्ट सर्किट, छात्रा पर गिरी चिंगारी, अंधेरे में परीक्षा देने को मजबूर

**जबलपुर@पत्रिका.** डीएलएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा के दौरान सोमवार को कमला नेहरू स्कूल, गंजीपुरा स्थित परीक्षा केंद्र में शॉर्ट सर्किट होने से अफरा-तफरी मच गई। परीक्षा शुरू होने के करीब 20 मिनट बाद कक्ष १ मांक-७ में बिजली के तारों में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे जोरदार धमाका हुआ और चिंगारियां निकलने लगीं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक चिंगारी अंतिम पंक्ति में बैठी छात्रा विद्या ठाकुर पर गिर गई, जिससे वह घबरा गई। शॉर्ट सर्किट के कारण केंद्र के सात कक्षों की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। इसके बावजूद करीब 317 परीक्षार्थियों को भीषण गर्मी और उमस के बीच लगभग दो घंटे तक बिना बिजली के परीक्षा देनी पड़ी।

छात्रों का कहना है कि बिजली व्यवस्था लंबे समय से खराब है और स्कूल परिसर में कई स्थानों पर खुले तार लटक रहे हैं। इसके बावजूद इतने बड़े परीक्षा केंद्र का संचालन किया जा रहा है। परीक्षार्थियों ने आरोप लगाया कि कुछ कमरों में पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण छात्रों को कॉरिडोर में बैठाकर परीक्षा दिलाई जा रही है। इस मामले को लेकर कुछ छात्राओं ने नाराजगी जताते हुए कलेक्टर से शिकायत भी की है।

सतना : जिले के कोठरा गांव की घटना

# देवी मंदिर गया परिवार, बदमाश चोरी करके ले गए लाखों के जेवर

**सतना @ पत्रिका.** जिले के जैतवारा क्षेत्र के कोठरा गांव में सोमवार को दिनदहाड़े बड़ी चोरी की वारदात हुई। परिवार के सदस्य भांजे के जन्मदिन पर देवी दर्शन के लिए गए थे, उसी दौरान बदमाशों ने मकान को निशाना बनाकर लाखों के जेवरात और नकदी चोरी करके ले गए। चोरी गए सोने-चांदी के जेवरों की कीमत करीब 45 लाख बताई जाती है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोठरा के रविराज सिंह जैतवारा नगर परिषद में फायरमैन के पद पर कार्यरत हैं। सोमवार को वहन के बेटे का जन्मदिन पर पूरा परिवार सुबह 10 बजे भगुडा स्थित देवी मंदिर दर्शन के लिए चले गए थे, जबकि रविराज ड्यूटी पर थे।

## मंदिर से लौटे तो घर का ताला टूटा मिला

दो घंटे बाद जब परिवार मंदिर से लौटा तो मकान के मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर प्रवेश करने पर तीन कमरों का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। घोरों ने कमरों में रखी आलमारियों के लॉकर तोड़कर उनमें रखे कीमती आभूषण और नकदी निकाल ली थी। रविराज सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी मां और पत्नी गहनों के परिवारों के सोने-चांदी के जेवर चोरी हुए हैं। चोरी गए आभूषणों की कीमत करीब 45 लाख आंकी गई है। इसके अलावा कुछ नकदी भी गायब मिली है।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, मां और बेटे की मौत

**ग्वालियर @ पत्रिका.** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर सिमरिया टेकरी के पास सोमवार सुबह करीब 10.30 बजे एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार मां बेटे की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार राकेश नामदेव पुत्र नागराम नामदेव निवासी ग्राम बिलहरी थाना महीनी जिला दतिया जो कि मां भगवती नामदेव (75) को लेकर बाइक से ग्वालियर जा रहे था, तभी एक ट्रक चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों ट्रक की चपेट में आए गए और दोनों की मौके पर मौत हो गई।

# नाबालिग को पिता के सुपुर्द करने का आदेश

**जबलपुर @ पत्रिका.** हाईकोर्ट ने नाबालिग बेटी को पिता को सौंपने का आदेश के साथ बेटी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निराकरण कर दिया। याचिकाकर्ता सागर के जगदीश अठिया की नाबालिग बेटी की आयु 15 वर्ष है। वह लापता हो गई थी। जिसे पुलिस तलाश नहीं कर रही थी। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने नाबालिग को तलाशकर पेश किया। जहां उसके बयान लेने के साथ नाबालिग को पिता को सौंपने जाने का आदेश सुनाया।

# नामांतरण के लिए ₹ 10 हजार रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**धार @ पत्रिका.** लोकायुक्त ने सोमवार को मनावर में एक पटवारी को 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। मनावर निवासी अरुण कुमार तिवारी ने लोकायुक्त एसपी कार्यालय इंदौर में शिकायत में बताया था कि उनके साथी अंकुश सोनी ने ग्राम पंचायत कस्त्थली में खरीदे दो प्लॉट के नामांतरण के लिए पटवारी प्रवीण पाटीदार ने रिश्वत मांगी जा रही है। पटवारी ने प्रति प्लॉट 10 हजार के हिसाब से 20 हजार की मांग की थी। शिकायत की जांच करने के बाद लोकायुक्त महानिरीक्षक योगेश देशमुख के मार्गदर्शन में टीम गठित की। सोमवार को लोकायुक्त टीम ने मनावर पटवारी कार्यालय में शिकायतकर्ता ने जैसी ही पटवारी को 10 हजार रुपए दिए लोकायुक्त टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।



मंदिर में प्रतिबंध के बाद भी नियमों की उड़ाई धज्जियां, हुई कार्रवाई

# महाकाल में 'पुष्पा' स्टाइल में युवक की एंट्री, सुरक्षाकर्मियों ने ली सेल्फी, सुपरवाइजर सस्पेंड

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**उज्जैन.** महाकालेश्वर मंदिर में नियमों और सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाने का एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक युवक सुपरहिट फिल्म 'पुष्पा-2' के अभिनेता अल्लू अर्जुन के गेटअप (साड़ी-ब्लाउज) में बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचा। इस अनोखे पहनावे वाले युवक को देखकर जहां आम श्रद्धालु हैरान थे, वहीं मंदिर की सुरक्षा में तैनात गार्ड और कर्मचारी नियमों को भूलकर उसके साथ सेल्फी और वीडियो बनवाने में मशगूल हो गए। मामला तूल पकड़ने और वीडियो वायरल होने के बाद मंदिर प्रबंधन ने सख्त कार्रवाई करते हुए सुपरवाइजर को हटा दिया है। अजीबोगरीब वेशभूषा के बावजूद उसे रोकने के बजाय उसे विशेष प्रोटोकॉल दिया।



वीआइपी ट्रीटमेंट का वीडियो वायरल, जांच के आदेश

बता दें, कि महाकाल मंदिर परिसर के भीतर मोबाइल ले जाने, फोटोग्राफी करने और वीडियो बनाने पर पूरी तरह प्रतिबंध है। इस नियम का पालन कराने की जिम्मेदारी जिन सुरक्षाकर्मियों और समिति के कर्मचारियों पर है, वे खुद ही युवक के साथ फोटो खिंचवाते और वीडियो बनाते नजर आए। सुरक्षा व्यवस्था में लगी इस बड़ी चूक और वीआइपी ट्रीटमेंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही मंदिर प्रशासन में हड़कंप मच गया। महाकाल मंदिर प्रशासक पृथम कौशिक ने तुरंत एक्शन लेते हुए संबंधित क्षेत्र के सुपरवाइजर को पद से हटा दिया है। साथ ही मामले की जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

## जिसे कैफे संभालने को दिया, उसी ने की चोरी

**इंदौर @ पत्रिका.** भंवरकुआं क्षेत्र में चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी अनीता की शिकायत पर आरोपी श्रद्धा के खिलाफ रविवार को केस दर्ज किया है। अनीता ने बताया, आरोपी कई माह से उनके कैफे में काम कर रही है। मां की तबीयत खराब होने पर उनके पास ग्वालियर गई थी। उस समय आरोपी को कैफे संचालित करने के लिए कहा। लौटने पर पता चला कि कैफे बंद है उसमें रखा सामान गायब मिला। फरियादी ने आरोपी को कॉल किया तो उसने चोरी की बात कही। पुलिस जांच कर रही है।

## हत्याकांड में फैसला सुरक्षित

**जबलपुर.** सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने बहुचर्चित ज्योतिर्लिंग नागदेव हत्याकांड में सभी 4 अपीलों पर संयुक्त रूप से अंतिम सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। 19 जून के बाद निर्णय सुनाया जा सकता है। मामला 27 जुलाई, 2014 को कानपुर में हुए विवाह के बाद का है।

# थाने में आरक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मंडला.** जिले के बम्हनी बंजर थाना परिसर स्थित सरकारी क्वार्टर में सोमवार सुबह एक आरक्षक सुनील सरयाम (42) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसकी जांच जारी है। अपर पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के अनुसार, सुनील 2013 से पुलिस विभाग में सेवारत थे और 3 मार्च से ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे थे। वे परिवार सहित बम्हनी बंजर थाना परिसर में रहते थे। पत्नी ने बताया, सुनील शराब का सेवन करते थे। सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे वे कमरे में थे, एक घंटे बाद आवाज देने पर जवाब न मिलने पर दरवाजा तोड़ा तो वे फांसी के फंदे पर लटके मिले। पुलिस ने आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी।



आगर-सारंगपुर रोड पर हादसा

# सीएमएचओ के वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**कानड़ (आगर-मालवा).** जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के वाहन ने सोमवार को आगर-सारंगपुर मार्ग पर एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर घायल हो गया, जिसे निजी अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर अवस्था में परिजन उसे उज्जैन ले जाने लगे लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। शव कानड़ पुलिस ने मामले जांच में लिया है। हादसे के बाद ग्रामीण खासे आक्रोशित हो गए थे। हालांकि पुलिसकर्मियों के आने के बाद सीएमएचओ मौके से निकल पाए। सीएमएचओ डॉ. दिनेश देहलवार वाहन लेकर आगर की ओर आ रहे थे। कानड़ थाना क्षेत्र के राजखेड़ी के समीप बाइक सवार नारायण सिंह (49) पिता कालू सिंह निवासी राजखेड़ी को सीएमएचओ के वाहन ने टक्कर मार दी। सीएमएचओ ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी ने सीएमएचओ का वाहन ग्रामीणों के बीच से निकालते हुए सौंप दिया और घायल को आगर के एक निजी अस्पताल लाया गया।

**कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**
दूरभाष (07575) 278264 email : cmosohagpur@mpurban.gov.in
क्रमांक 1010/लो.नि.वि./अभियांत्रिक-टेण्डर्स/2026 सोहागपुर, दिनांक 6/6/2026

**द्वितीय ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित निर्माण के लिए निविदा मानदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों और रुचाति प्राप्त फर्म से ऑनलाईन (लम्पसम) बोली आमंत्रित है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य अनुमानित लागत | अमानत राशि | ऑफ लाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा क्रय की अंतिम तिथि | कार्य समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_513591_1 | Interception & Diversion for tapping nallah and setup of sewage treatment plant for Used Water Management of SOHAGPUR Town | 80322000.00 लाख | 401610.00 | 20000.00 | 04.07.2026 | 12 माह |

नोट- प्रपत्र क्रय डाउन करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी नगर परिषद सोहागपुर की लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

श्रीमती लता यशवंत पटेल
अध्यक्ष
नगर परिषद सोहागपुर

श्रीमति कविता दीपक साहू
सभापति लो.नि.वि.
नगर परिषद सोहागपुर

श्री धर्मेंद्र शर्मा
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सोहागपुर

**इकाइयों / संपत्तियों की ई-नीलामी**

| क्र. सं. | विवरण | स्थान | आरक्षित मूल्य संपूर्ण इकाई (रूपये लाख में) | आरक्षित मूल्य सी.ए.एम (रूपये लाख में) | नीलामी की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मेसर्स फैशन लाइफ | इन्दौर | 12.12 | – | 22.06.26 |
| 02 | मेसर्स भारती स्टील ट्रेडिंग | इन्दौर | 14.15 | – | 23.06.26 |
| 03 | मेसर्स गायत्री एंटरप्राइजेस (गायत्री इंटरनेशनल अकादमी स्कूल) | बच्चनपुर, धार | 387.04 | – | 24.0626 |
| 04 | मेसर्स पायस इंडस्ट्रीज | कराडा, सलाना | 99.27 | 32.06 | 25.06.26 |
| 05 | मेसर्स दीपक जनरल स्टोर | बरवाणपुरा, झाबुआ | 35.45 | – | 29.06.26 |
| 06 | मेसर्स डॉ. श्रीमती मोनिका पालीवाल | इन्दौर | 11.25 | – | 30.06.26 |
| 07 | मेसर्स विसनगरा केमिकल्स प्रा.लि. | मेघनगर, झाबुआ | 28.88 | – | 01.07.26 |
| 08 | मेसर्स सीमा प्लास्टिक इंडस्ट्रीज | मक्सी, शाजापुर | 52.09 | 5.35 | 02.07.26 |
| 09 | मेसर्स होटल जय माता दी | सनावद, खरगोन | 131.05 | – | 03.07.26 |
| 10 | मेसर्स गणेश लाल रामपुरस्कर | खंडवा | 14.50 | – | 06.07.26 |
| 11 | मेसर्स तोमर ट्रेडर्स | ब्यावरा, राजगढ़ | 13.59 | – | 07.07.26 |
| 12 | मेसर्स ए.पी. ऑफसेट | इन्दौर | 18.95 | – | 08.07.26 |
| 13 | मेसर्स आर-9 क्लब प्रा.लि. | इन्दौर | 234.66 | – | 10.07.26 |
| 14 | मेसर्स E=MC2 | इन्दौर | 236.48 | – | 13.07.26 |

ई-नीलामी के संबंध में अधिक विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.mpfc.org देखें।

मध्य प्रदेश वित्त निगम
संपर्क विवरण (Contact Details): श्री पुनीत माथुर : 8889984060, श्री राजेश भटनागर : 8770563751
ईमेल : finance@mpfc.org

**किराये पर ऑफिस की आवश्यकता है**

GUJARAT ENERGY

गुजरात एनर्जी लिमिटेड ( भूतपूर्वक गुजरात गैस लिमिटेड ) भारत की एकीकृत ऊर्जा कंपनी है जो अपने परिचालन एवं संचालन के लिए उज्जैन शहर में व्यावसायिक उद्देश्य हेतु ऑफिस किराए पर लेने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

| शहर | प्रस्तावित स्थान | उद्देश्य हेतु | आवश्यक क्षेत्र (Sq.ft) |
|---|---|---|---|
| उज्जैन | ऑफिस-शहरी क्षेत्र नानाखेड़ा/वसंत विहार/ऋषि नगर/देवास रोड के आसपास की मुख्य सड़क पर तथा भूतल/प्रथम तल पर होना चाहिए। वाहन पार्किंग तथा २४ घंटे बिजली, पानी और शौचालय बिजली का डी केज/कनेक्शन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होना आवश्यक है। | ऑफिस | २२००-२५०० |

ऊपर सभी आवश्यकताओं के लिए संपत्ति कृषि रहित-अनापत्ति प्रमाण पत्र , शीर्षक स्पष्ट (NA-NOC, Title clear) एवं तैयार कब्जे (Ready Possession) वाली होनी चाहिए। प्रस्तावित कार्यालय को अधिकतम ९ वर्ष के लिए पट्टा किराए पर दिया जाना आवश्यक है।

इच्छुक संपत्ति मालिकों को अपना आवेदन वास्तविक और तकनीकी खोलों के साथ अलग - अलग सीलबंद लिफाफे में नीचे दिए गए पते पर विज्ञापन प्रसिद्ध होने के १५ दिन में भेजना होगा।

-: अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :-
हिरती मेनेजर - एडमिनिस्ट्रेशन :- ७५४५८९९५७१
गुजरात एनर्जी लिमिटेड
सी- २५/३, दूसरी मंज़िल, आसरा टावर, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर, कॉसमॉस मॉल के सामने, नानाखेड़ा, उज्जैन - ४५६०१० मध्यप्रदेश

गुजरात एनर्जी लिमिटेड बिना किसी कारण बताए किसी भी/सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति उज्जैन जिला-उज्जैन (म.प्र.)**

क्रमांक/मंडी/नि./26-27/895 उज्जैन, दिनांक- 05.06.2026

**-// निविदा आमंत्रण सूचना //-**

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारो से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदाएँ क्रमांक 2026_MPSAM_512583_1, 2026_MPSAM_512584_1, 2026_MPSAM_512585_1, के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाएँ दिनांक 09.06.2026 समय 05.30 से दिनांक 29.06.2026 को साय 5:30 बजे तक आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल http://www.mptenders.gov.in /nicgep/app पर प्राप्त होगी, एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल http://www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट: आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर ही प्रदर्शित किया जावेगा।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
उज्जैन जिला उज्जैन

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति
उज्जैन जिला उज्जैन

**पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खामरीया, आलोट, रतलाम-।।**

**निविदा सूचना**

सत्र 2026-27 के दौरान पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खामरीया, आलोट, रतलाम-।।हेतु अपूर्ण कोरम सामग्री की आपूर्ति हेतु पुनः निविदा बैकरी सामग्री, हरबर कॉटन एवं वाहन किराया (त्रिमासी विंडिट हेतु बस, कार, तुफान) इत्यादी सेवाओं की आपूर्ति हेतु सभी अधिकृत पंजीकृत वेंडर/ निर्माता/ आपूर्तिकर्ता/ कार्यनियी से सुरभावंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र/ दस्तावेज ₹.500/ -प्रति सेट के हिसाब से विद्यालय के कार्यालय से 10.06.2026 से 22.06.2026 अपरान्ह 02.00 बजे तक विद्यालय से नियत तिथि के भीतर कार्यालयीन दिवस में खरीदा जा सकता है। इसके अलावा, विद्यालय की अधिकाकिक विद्यालय की वेबसाईट https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/Ratlam-2/en/home/ से भी डाउनलोड की जा सकती है, हालांकि निविदा प्रपत्र जमा करते समय निविदा प्रपत्र की लागत के रूप में प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, आलोट के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में प्रति सेट 500/- रु. की राशि जमा करना होगी। पूर्ण रूप से सीलबंद निविदायें